# प्रशासन ने नहीं दी पटवारी की जन आक्रोष रैली की अनुमति

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 जनवरी.** ग्वालियर का पुलिस प्रशासन एवं प्रशासन भाजपा सरकार की कठपुतली की तरह काम कर रहा है। यह आरोप गुरूवार को पत्रकारों के समक्ष कांग्रेस के पूर्व मंत्री लाखन सिंह,

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को दौरा करना पड़ा रद्द, पार्टी ने लगाया आरोप : भाजपा की कठपुतली बना शासन**

राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, विधायक डा. सतीश सिंह सिकरवार, विधायक साहब सिंह गुर्जर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव, ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल दोहरे तथा मोहना के जनपद पंचायत अध्यक्ष राधाकिशन धाकड ने संयुक्त रूप से लगाये।

विधायकद्वय ने आरोप लगाते हुये कहा कि कांग्रेस ने किसानों की मांगों के सहित जनपद मोहना में सीएमओ द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार खाद संकट सहित अन्य मांगों को लेकर एक जन आक्रोश



रैली आयोजित की थी। इस रैली में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित जयवर्धन सिंह, सांसद संजना जाटव सहित अन्य वरिष्ठ नेता पहुचने वाले थे। पहले तो प्रशासन ने मौखिक रूप से सभा की अनुमति दे दी लेकिन जब कांग्रेस नेता सभा की तैयारी करा रहे थे तभी एक पटवारी से प्रशासन ने अनुमति रदद करने की सूचना दिलवाई। प्रशासन ने अपने आदेश में उच्च न्यायालय में संविधान निर्माता को लेकर चल रहे प्रकरण का हवाला देते हुये कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने की संभावना व्यक्त की गई। इस पर कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन को शपथ पत्र देकर कानून व्यवस्था को बिगडने जैसा कोई वाक्य नहीं बोलने का वादा किया लेकिन प्रशासन ने कांग्रेस नेताओं की एक बात नहीं सुनी और उनकी जन आक्रोश सभा अनुमति को निरस्त कर दिया।

नेताओं का कहना है कि जहां जहां कांग्रेस के महापौर- जनपद अध्यक्ष है उन लोगों को सरकार के नुमांइंदे काम नहीं करने दे रहे। वहीं भ्रष्टाचार का सबूत देने के बाद भी न तो उनका तबादला किया गया है और न ही कोई अन्य कार्रवाई की गई है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि इस बार तो वह पुलिस प्रशासन और प्रशासन की बात मान रहे है, लेकिन आगे यदि कांग्रेस नेताओं के प्रति शासन और पुलिस प्रशासन का यही रवैया रहा तो वह अपना आंदोलन करेंगे चाहे उन्हें जेल ही क्यों न जाना पडे। नेताओं का मानना है कि ग्रामीण क्षेत्र से जो रिपोर्ट प्रशासन को मिल रही थी उसमें बडी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो रहे थे। जिनकी संख्या 30 से 40 हजार से ज्यादा होने वाली थी लेकिन प्रशासन ने इसी को देखते हुये कांग्रेस को अनुमति नहीं दी।

पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आरपी सिंह, धर्मेंद्र शर्मा एवं राम पांडे सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## सड़क पर सीएण्डडी वेस्ट डालने पर वसूला जुर्माना

**ग्वालियर, 8 जनवरी।** नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत ग्वालियर में वायु सुधार हेतु जन जागरूकता कार्य के अंतर्गत मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज वार्ड 18 में गुर्जर चौराहा से सिंधिया स्टैच्यू तक दीनदयाल नगर में अभियान

चलकर रोड की सफाई की गई। सफाई अभियान के दौरान सड़क पर सीएण्डडी वेस्ट एवं कचरा फैलाने पर 20000 रूपये का जुर्माना किया गया। अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत ग्वालियर में वायु सुधार हेतु जन जागरूकता कार्य के अंतर्गत मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम अंतर्गत मुख्यमार्ग एवं उनको जोड़ने वाली सड़कों पर निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट व ठोस अपशिष्ट के संग्रहण करने, मुख्य मार्गों पर पेच रिपेयरिंग व सफाई करने, अतिक्रमण हटाने, सीवरेज एवं पेय जल से संबंधित स्थल पर व्याप्त समस्याओं (पाइप लाइन की लीकेज, सीवरेज के ओवरफ्लो) का निराकरण करने तथा आम नागरिकों को खुले में कचरा न फेंकने, कचरा न जलाने, गीला-सूखा कचरा पृथक-पृथक करने, कचरे के संग्रहण हेतु डोर-टू-डोर संचालित वाहनों में कचरा देने, पाइप लाइन में लीकेज होने और सीवरेज के ओवरफ्लो होने की जानकारी नगर निगम के संबंधित प्राधिकारी को अवगत कराए.

# मेले की दस्तकारी हाट में लगा खादी एक्सपो

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 जनवरी.** ग्वालियर व्यापार मेला के समीप स्थित दस्तकारी हाट में गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने 'खादी एक्सपो' का शुभारंभ किया। इस दस्तकारी हाट में देश के विभिन्न राज्यों के

**विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने किया शुभारंभ**

**देश के एक दर्जन से अधिक राज्यों के हस्तशिल्पी लेकर आए हैं एक से बढ़कर एक उत्पाद**

कला-शिल्पी एवं बुनकर एक से बढ़कर एक हस्तशिल्प उत्पाद लेकर आए हैं। खादी एक्सपो के शुभारंभ अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि ऐसे मेलों के माध्यम से सहकारिता के क्षेत्र, स्व-सहायता समूह एवं व्यक्तिगत रूप से हस्तशिल्प उत्पाद से जुड़े छोटे-छोटे व्यवसाइयों के उत्पादों को बिक्री के लिये अच्छा प्लेटफॉर्म मिलता है। साथ ही शिल्पकला प्रेमियों को उचित दाम पर अच्छे उत्पाद मिल जाते हैं। इससे लोकल फॉर वोकल अवधारणा को भी बल मिलता है।

मध्यभारत खादी संघ जीवाजीगंज द्वारा आयोजित किए गए इस खादी एक्सपो में जम्मू-



कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, बिहार व कर्नाटक एवं मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों के हस्तशिल्पी अपने-अपने क्षेत्र के प्रसिद्ध उत्पादों को बिक्री के लिये लेकर आए हैं।

खासतौर पर कश्मीरी पसमीना की शॉलें व अन्य गर्म कपड़े, लखनवी चिकन, भागलपुरी सिल्क साड़ियां, गुजराती कढ़ाईदार वस्त्र, मधुवनी व नालंदा कसीदाकारीयुक्त विशेष वस्त्र, जयपुरी रजाईयां व ज्वैलरी सहित अन्य राज्यों के एक से बढ़कर एक हस्तशिल्प उत्पाद खादी एक्सपो के विशेष आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। इसके अलावा जीआई टैग युक्त पेपरमेशी कला आर्ट, कोल्हूघानी से निर्मित सरसों, मूंगफली व तिल तेल, अगरबत्ती, मसाले, शहद व गाय का शुद्ध घी खादी एक्सपो में उपलब्ध है।

आरंभ में विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने महात्मा गांधी की प्रतिमा को खादी की माला पहनाकर, दीप प्रज्ज्वलन व फीता काटकर खादी एक्सपो का उदघाटन किया। उन्होंने खादी एक्सपो लगाने के लिये मध्यभारत खादी संघ की सराहना की। विधानसभा अध्यक्ष ने एक्सपो में लगे स्टॉल का अवलोकन भी किया।

इस अवसर पर मध्यभारत खादी संघ के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा व सचिव रमाकांत शर्मा, खादी एक्सपो के संयोजक गोवर्धन सिंह भदौरिया, श्रीमती रश्मि परिहार, अरुण सिंह तोमर, केके समाधिया, अशोक जादौन, वीरेन्द्र जैन व अशोक जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण खादी एक्सपो के आयोजन से जुड़े पदाधिकारी मौजूद थे।



## रिंकल चौबे कालिंद्री मेला के बने अध्यक्ष, तैयारी शुरू

**ग्वालियर।** नगर परिषद पिछोर में फ़रवरी माह में लगने वाले कालिंद्री मेला के आयोजन को लेकर नगर परिषद उपाध्यक्ष इरफान खान के निवास पर अध्यक्ष एवं सभी पार्षदों ने वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद पति रिंकल चौबे को कालिंद्री मेला अध्यक्ष सर्वसम्मति से बनाया है। इसी को लेकर कालिंद्री मेला की तैयारी आरंभ हो गई है।

# चंबल सेंचुरी में मगरमच्छ कर रहे हैं घड़ियालों का शिकार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 जनवरी.** मध्यप्रदेश में घड़ियालों पर सीधा हमला हो रहा है। जिस नदी को देश में घड़ियालों का सबसे सुरक्षित ठिकाना माना जाता रहा है। वहीं अब उनके बच्चों की जान खतरे में है। 435 किमी दूर तक फैले चम्बल घड़ियाल सेंचुरी की हालिया निगरानी में यह खुलासा हुआ है। 3 वर्षो से लगभग 120 सेंटीमीटर लम्बे घड़ियाल लगातार मगरमच्छों के हमले का शिकार हो रहे है। वन विभाग की गो एंड रिलीज योजना के तहत घड़ियालों पर लगाये गये रेडियो ट्रांसमीटर से इसकी पुष्ठि हुई है। ट्रांसमीटर वही सलामत मिले। लेकिन उनकी लोकेशन नदी में नहीं, बल्कि मगर मच्छों के पेट से ट्रेस हुई। जांच आगे बढ़ी तो मगरमच्छ के मल में घडियाल के अवशेष मिलने से इस पर मुहर लग गयी है। चम्बल घडियाल सेंचुरी में पहली बार इसे आधिकारिक तौर पर दर्ज किया है। मुरैना से भोपाल तक अधिकारियों की टीमें अब यह पता लगाने में जुटी है। आखिर घड़ियालों का सबसे सुरक्षित गढ़ कैसे उनकी शिकारगाह बनता जा रहा है।

जलीय जीव विशेषज्ञ ज्योतिप्रसाद दंडोतिया के मुताबिक चम्बल सेंचुरी में घडियाल की संख्या जिस अनुपात में बढ़नी चाहिये थी। वह नहीं बढ़ सकी। इसकी बड़ी वजह है कि चम्बल में आने वाली बाढ़ के दौरान घड़ियालों के सिर्फ 3 प्रतिशत बच्चे ही जीवित रह पाते हैं। इसके अलावा वयस्क मगरमच्छ 3 साल तक के घड़ियालों को अपना शिकार बना रहे हैं। इस बात का खुलासा एमसीबीटी (मद्रास क्रोकोडायल बैंक ट्रस्ट) की रिपोर्ट में भी हुआ है। संस्थान द्वारा चम्बल नदी में छोड़े गये घड़ियालों पर रेडियो टेलीमेट्री ट्रांसमीटर लगाये गये थे।ज ब इनकी लोकेशन ट्रेस की गयी तो कई ट्रांसमीटर एडल्ट मगरमच्छों के पेट के भीतर मिले। इससे यह स्पष्ट हुआ है कि मगरमच्छ लगातार छोटे घड़ियालों पर हमला कर रहे है।

# वृंदावन रेलवे स्टेशन से सकुशल मिली 15 वर्षीय बालिका

**ग्वालियर 8 जनवरी.** कोतवाली पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक 15 वर्षीय अपहृत नाबालिग बालिका को महज 12 घंटे के भीतर वृंदावन (मथुरा) से सुरक्षित बरामद कर लिया है। जनवरी 2026 को लश्कर निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी बड़ी बेटी अचानक घर से गायब हो गई है। परिजनों को आशंका थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की। प्रभारी सीएसपी लश्कर चंद्रभान सिंह चढार के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी उप निरीक्षक मोहिनी वर्मा ने टीम गठित की। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र का सहारा लिया। लोकेशन ट्रैक की, तकनीकी सेल की मदद से पता चला कि बालिका वृंदावन रेलवे स्टेशन पर है। बिना समय गंवाए पुलिस टीम मथुरा पहुंची और बालिका को बरामद कर ग्वालियर लेकर आई।

# कलेक्ट्रेट में प्रारंभ हुआ विश्राम कक्ष सह मातृ शिशु देखभाल केन्द्र

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 8 जनवरी।** ग्वालियर कलेक्ट्रेट परिसर में बच्चों और माताओं की सुविधा के लिए विश्राम कक्ष सह मातृ-शिशु देखभाल केंद्र का निर्माण कराया गया है। यह केंद्र विशेष रूप से उन माताओं और छोटे बच्चों के लिए स्थापित किया गया है, जो विभिन्न शासकीय कार्यों के लिए कलेक्ट्रेट

**कलेक्टर रुचिका चौहान ने नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ किया केन्द्र का शुभारंभ**

आते हैं और अपने कार्य के लिये कुछ समय व्यतीत करना पड़ता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप संवेदनशील प्रशासन की दिशा में ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान ने यह पहल की है। गुरुवार को कलेक्टर रुचिका चौहान ने नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ इस केन्द्र का शुभारंभ किया । इस मौके पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में कार्य करने वाली महिला अधिकारियों के साथ-साथ कलेक्ट्रेट में अपने



कार्य से आईं महिलायें और बच्चे भी शामिल हुए। शुभारंभ के अवसर पर ही बच्चों ने कक्ष में स्थापित किए गए खिलौनों का भी आनंद लिया। इस नवाचार के अंतर्गत माताओं को अपने शिशुओं के पोषण, देखभाल एवं पालन के लिए सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराया गया है। केंद्र में माताओं के बैठने एवं विश्राम की व्यवस्था के साथ-साथ बच्चों के लिए सुरक्षित स्थान, स्वच्छता, पीने का पानी एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। कलेक्टर रुचिका चौहान ने बताया कि कलेक्ट्रेट में प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं अपने बच्चों के साथ आती हैं। ऐसे में माताओं को शिशु को स्तनपान कराने, उसकी देखभाल करने या कुछ समय विश्राम करने में कठिनाई होती थी। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह शासन विश्राम कक्ष एवं मातृ-शिशु केंद्र विकसित किया गया है। इस केन्द्र में महिलाओं और बच्चों की देखभाल के लिये केन्द्र प्रभारी भी तैनात किया जायेगा। साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिये टीवी भी स्थापित किया जायेगा।

## 90 नलकूपों में किया क्लोरिनेशन एवं अनेक टंकियों से लिए सैंपल

**ग्वालियर, 8 जनवरी।** कार्यपालन यंत्री जल प्रदाय संजीव गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के नागरिकों को शुद्ध सुरक्षित निर्बाध पेयजल कराने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार 68 एम.एल.डी. न्यू एवं 68 एम.एल.डी. ओल्ड जल शोधन संयंत्र मोतीझील एवं 160 एम.एल.डी. जल शोधन संयंत्र जलालपुर, 52 एम.एल.डी. जल शोधन संयंत्र तिघरा से ग्वालियर महानगर क्षेत्र में टंकियों के माध्यम से की जा रही जल प्रदाय में वार्ड क्रमांक 29 शारदा विहार टंकी, वार्ड क्रमांक 60 शारदा विहार टंकी, वार्ड क्रमांक 60 न्यू कलेक्ट्रेट कार्यालय टंकी, वार्ड क्रमांक 60 सिंधिया नगर टंकी, वार्ड 19 अमलतास टंकी, वार्ड 19 कुन्ज विहार टंकी, वार्ड क्रमांक 51 सिकन्दर कम्पू टंकी, वार्ड क्रमांक 53 हेम सिंह की परेड, वार्ड 53 बिग्रेड टंकी, वार्ड क्रमांक 37 संजय नगर टंकी, वार्ड 50 न्यू गोरखी पानी की टंकी एवं वार्ड क्रमांक 50 ओल्ड गोरखी पानी की टंकियों के पानी के सैंपल तथा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 62 नग पेयजल सेम्पल मोतीझील लेब टेस्ट में परीक्षण कराये गए है।

# निगम परिषद की बैठक में लिए गए अनेक निर्णय

**ग्वालियर, 8 जनवरी।** सभापति मनोज तोमर की अध्यक्षता में नगर निगम परिषद् की बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिये गये। इसके साथ ही अन्य बिंदुओं पर चर्चा जारी रहते बैठक 12 जनवरी दोपहर 3 बजे तक के लिये स्थगित की गई। निगम परिषद् की बैठक में निगम क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 3 लूटपुरा का नाम परिवर्तित कर इन्दिरा नगर किया जाने, विभिन्न मार्गों का नामकरण किये जाने वावत्, कैलाश वासी प्रभात झा के नाम पर मार्ग का नामकरण करने बाबत, चेतकपुरी से विक्की फैक्ट्री तक मार्ग का नामकरण किये जाने बाबत प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा उपरांत सभापति तोमर ने आसंदी से निर्देशित किया कि सभी बिंदु एक जैसे ही हैं, निगमायुक्त उक्त प्रस्तावों की जांच कर पुन: भिजवाये जिससे चर्चा कर निर्णय लिए जा सकें तथा और भी ऐसे प्रस्ताव हैं तो उनको जांच कर शामिल करें। बिंदु क्रमांक 7 वित्तीय वर्ष 2025-26 में सम्पत्ति कर जमा करने पर 6 प्रतिशत छूट की अवधि 31 अगस्त 2025 तक बढाये जाने के संबंध में चर्चा उपरांत सभापति तोमर ने उक्त प्रस्ताव को वापिस किया तथा निगमायुक्त को निर्देशित किया कि समय पर प्रस्ताव बनाये जायें जिससे आमजन को छूट का लाभ मिल सके। इसके साथ ही संपत्ति कर वसूली के लिए काबिज से संपत्ति कर वसूली हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। बिंदु क्रमांक 9 गौशाला के गौवंशों के खाद्य पदार्थ क्रम हेतु समयावृद्धि एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में चर्चा जारी रहते बैठक 12 जनवरी 2026 दोपहर 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।


**SWAMI VIVEKANAND COLLEGE**

MACCHAND, MIHONA, BHIND (MP) Mob. 8462006386

विश्वविद्यालय अधिनियम 28 (17) के अंतगर्त निम्न पाठ्यक्रमों के पदों हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| | | |
|---|---|---|
| प्राचार्य | 01 | पी. एच. डी. एवं 10 बर्ष का अनुभव यूजीसी उच्च शिक्षा विभाग एवं जीवाजी विश्वविद्यालय के नॉम्स के अनुसार |
| असि. प्रोफ़ेसर :- जीवविज्ञान, भौतिकी समाज शास्त्र, भाषा | 05 | यूजीसी उच्च शिक्षा विभाग एवं जीवाजी विश्वविद्यालय के नॉम्स के अनुसार |

नोट—उपरोक्त पद कोड के अंतगर्त नियमित है तथा वेतन शासन के निम्नानुसार है। इच्छुक उम्मीदवार 7 दिवस में अपना आवेदन नीचे दिये गये ईमेल आई डी पर भेजे।

Email- svcollege.education@gmail.com

PANKAJ

**SUNRISE INSTITUTE OF EDUCATION**

TALPURA, TIGHRA, GWALIOR (MP) 474001
Mob. 9691436208

विश्वविद्यालय अधिनियम 28 (17) के अंतगर्त निम्न पाठ्यक्रमों के पदों हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| | | |
|---|---|---|
| LECTURER | 05 | PG (Math/ Science/Language/Social Science) 55%, Med/M.A. (Education) 55% Ph.D. /NET/CLAT |

नोट—उपरोक्त पद कोड के अंतगर्त नियमित है तथा वेतन शासन के निम्नानुसार है। इच्छुक उम्मीदवार 7 दिवस में अपना आवेदन नीचे दिये गये ईमेल आई डी पर भेजे।

Email- sunriseinstitutegwl@gmail.com

PANKAJ





स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95